चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/ए0आर0/04/8067
दिनांक : 03.07.2023

विज्ञप्ति

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों/संस्थान एवं विश्वविद्यालय परिसर में अध्ययनरत छात्रों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता कि NEP-2020 के अन्तर्गत संस्थागत स्तर पर संचालित परम्परागत B.A./B.Sc./B.Com. पाठ्यक्रमों के द्वितीय सेमेस्टर के मुख्य/बैक पेपर परीक्षा फार्म तथा चतुर्थ सेमेस्टर के मुख्य परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय वेबसाईट **www.ccsuniversity.ac.in** पर ऑनलाईन भरवाये जाने की अन्तिम तिथि दिनांक 03.07.2023 निर्धारित थी। **परीक्षा फार्म भरने हेतु तिथियाँ निम्नानुसार पुनः दिनांक 10.07.2023 तक विस्तारित की जाती है :–**

ऑन–लाईन परीक्षा फार्म भरने की निर्धारित तिथियाँ निम्नानुसार हैं :–

01.	ऑनलाईन परीक्षा फार्म उपलब्ध होने की तिथि	**14.06.2023**
02.	ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि	**10.07.2023**
03.	छात्रों द्वारा परीक्षा फार्म महाविद्यालय/संस्थान/विभागों में जमा करने तथा महाविद्यालय/संस्थान/विभागों द्वारा परीक्षा फार्म ऑनलाईन सत्यापित किये जाने की अन्तिम तिथि	**12.07.2023**
04.	महाविद्यालयों/संस्थानों/विभागों द्वारा सत्यापित परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करने की अन्तिम तिथि	**13.07.2023**

नोट :–
1. परीक्षा फार्म भरने से पूर्व विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध एन0ई0पी0 स्नातक पाठ्यक्रमों के समस्त नियम भली भांति अध्ययन करना सुनिश्चित करें। नियम विरूद्ध भरा गया कोई भी परीक्षा फार्म स्वीकार्य नहीं होगा।
2. ऐसे सभी छात्र जो प्रथम सेमेस्टर मुख्य परीक्षा में सम्मिलित हुये हैं द्वितीय सेमेस्टर मुख्य परीक्षा का परीक्षा फार्म भरने हेतु अर्ह हैं। इसी प्रकार ऐसे सभी छात्र जो तृतीय सेमेस्टर मुख्य परीक्षा में सम्मिलित हुये हैं को चतुर्थ सेमेस्टर मुख्य परीक्षा फार्म भरने की अनुमति है।
3. द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर बैक पेपर परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय वेबसाईट पर उपलब्ध प्रोन्नति/बैक पेपर नियमों के आलोक में ही भरना सुनिश्चित करें।
4. समस्त महाविद्यालयों से अपेक्षा की जाती है कि छात्रों के माईनर विषय एवं कौशल विकास पाठ्यक्रम विषय सही भरे गये हैं, यह सुनिश्चित करते हुए ही परीक्षा फार्म सत्यापित किया जाना सुनिश्चित करें।
5. परीक्षा फार्म सत्यापित किये जाने से पूर्व महाविद्यालयों के पास माईनर एवं कौशल विकास पाठ्यक्रम में संशोधन करने का अधिकार प्राप्त होगा।
6. एन0ई0पी0–2020 स्नातक द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षाएं माह–जुलाई 2023 के द्वितीय सप्ताह से आरम्भ होनी प्रस्तावित हैं। अतः छात्रों एवं महाविद्यालयों से अपेक्षा की जाती है कि वह उपर्युक्त समयावधि में परीक्षा फार्म भरना/सत्यापित करना सुनिश्चित करें।
7. परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 02.06.2023 में लिये गये निर्णय के अनुसार उपलब्ध माईनर पाठ्यक्रम सेमेस्टर विशेष के छात्रों द्वारा ही चयनित किये जायेंगे। परीक्षा फार्म भरते समय इस तथ्य का संज्ञान लिया जाना आवश्यक है।

03.7.2023
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्व महाविद्यालय/संस्थान, चौ0 चरण सिंह वि0वि0, मेरठ तथा समस्त विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक, चौ0 चरण सिंह वि0वि0 परिसर, मेरठ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि परीक्षा फार्म अग्रसारण से पूर्व अर्हता की भली–भांति जांच कर ली जाये कि जिस पाठ्यक्रम के लिए छात्र आवेदन कर रहा है, उसके लिए वह अर्ह है। अन्यथा की स्थिति में परीक्षा फार्म निरस्त कर दिया जायेगा, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित छात्र एवं महाविद्यालय/संस्थान/विभाग का होगा।
02. सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ प्रेषित।
03. वैयक्तिक सहायक–प्रति कुलपति को, माननीय प्रति कुलपति जी के अवलोकनार्थ प्रेषित।
04. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित।
05. वैयक्तिक सहायक–परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
06. वैयक्तिक सहायक–वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी के सूचनार्थ।
07. लेखाधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित।
08 सहा0 कुलसचिव/प्रभारी (परीक्षा/गोपनीय/लेखा/सामान्य/कमैटी सैल/अति गोपनीय विभाग)।
09. विश्वविद्यालय पूछताछ केन्द्र/सूचना पट।
10. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता/प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट।
11. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत कम्प्यूटर एजेन्सियों को इस आशय के साथ कि उपरोक्त समस्त पाठ्यक्रमों के परीक्षा फार्मों को विश्वविद्यालय नियमानुसार भरवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

03/07
सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)